किसका है श्याम

किसका है श्याम बोलो किसका है श्याम,
श्याम की दीवानी श्याम की दीवानी ये दुनिया तमाम,
किसका है श्याम बोलो किसका है श्याम,

देवकी कहे मुझ अबागन की जान है,
वासुदेव कहे मेरा तन है मन है प्राण है,
जेल से निकाला छोड़ा गोकुल के धाम,
किसका है श्याम बोलो किसका है श्याम

यशोदा कहे मेरी आँखों का है तारा,
कहे नन्द बाबा मुझे दुनिया से है प्यारा,
पाला है यत्न से तज के सारे आराम,
किसका है श्याम बोलो किसका है श्याम

राधा कहे मेरे बचपन का मीत है,
मीरा कहे मेरी जन्मो की प्रीत है,
किया विश्पाण लेके सँवारे का नाम,
किसका है श्याम बोलो किसका है श्याम

सुदामा कहे मेरा संवारा सखा है,
नरसी कहे मेरी सांसो में वसा है,
कहे बलजीत जग में सबका है श्याम,
किसका है श्याम बोलो किसका है श्याम

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/8684/title/kiska-hai-shyam-bolo-kiska-hai-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |